Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1954/ M-7 /121 दिनांक : 22-08-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 22.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशनः पाइपलाइन के लिए उखाड़ा खड़ंजा:काम पूरा होने के बाद भी रास्ता दलदल, ग्रामीण परेशान"** के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 22.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशनः पाइपलाइन के लिए उखाड़ा खड़ंजा:काम पूरा होने के बाद भी रास्ता दलदल, ग्रामीण परेशान"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–विजयीपुर अन्तर्गत गढा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया गया है। वर्तमान में योजना पर टयूबवेल 04 नग में से 03 नग पूर्ण व तीसरे में बोर फेल, ओ0एच0टी0 02 नग में 01 नग 80% पूर्ण व दूसरा 60%, बाउण्ड्रीवाल 04 नग में से 01 नग 80% पूर्ण व दूसरा 90%, व तीसरा 90%, पम्प हाउस 04 नग में से 01 नग 90% व दूसरा 90% पूर्ण, वितरण प्रणाली 70% तथा गृह संयोजन 10% पूर्ण है। शासन द्वारा धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित थी। यथाशीघ्र योजना के अवशेष कार्य पूर्ण कराकर ग्राम में मार्ग मरम्मत व सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

# जल जीवन मिशन: पाइपलाइन के लिए उखाड़ा खड़ंजा: काम पूरा होने के बाद भी रास्ता दलदल, ग्रामीण परेशान

अमित सिंह | खखरेरू(खागा), फतेहपुर
2 दिन पहले



विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र के गिरधरपुर मजरे गढ़ा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव का खड़ंजा उखाड़ दिया गया था। काम पूरा होने के बावजूद उखाड़ा हुआ खड़ंजा अब तक नहीं बिछाया गया है। इसके कारण बारिश में रास्ता पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us